कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री हरिकिशन मीना पुत्र हीरालाल मीना नि0 नयागांव तह0 महवा जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा।

अपील सं0 12/2021

निर्णय दिनांक : 08.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी महवा एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मँगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी महवा एवं लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकःडीएम/कोर्ट/2021/920 दिनांक 12.3.2021 एवं लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी महवा एवं लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा, जिला दौसा को पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2021/1029-1030 दिनांक 25. 03.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट मय टिप्पणी चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी महवा एवं लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा, जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी महवा एवं लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार महवा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा

कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official